राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

संख्या— संख्या—न0नि0 50—21/2025.........2402

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा(भा.प्र.से.),
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
—सह—जिला पदाधिकारी, मधुबनी।

पटना दिनांक— 02.06.25

विषय :— नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 हेतु नियुक्त निर्वाची पदाधिकारी के स्थानांतरण के विरमित किये जाने के मार्गदर्शन के संबंध में।

प्रसंग:— सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक—10057 दिनांक—02.06.2025 एवं आपका पत्रांक—512, दिनांक—02.06.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि आपके पत्रांक—512, दिनांक—02.06.2025 द्वारा श्री दिपेश कुमार, उप विकास आयुक्त, मधुबनी का स्थानांतरण जिला पदाधिकारी, सहरसा के पद पर होने के कारण उन्हें विरमित किये जाने के संबंध में मार्गदर्शन की मांग की गयी है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक—10057 दिनांक—02.06.2025 द्वारा आगामी मानसून के समय संभावित बाढ़ से बचाव की तैयारी के लिए श्री दीपेश कुमार (भा.प्र.से.) को जिला पदाधिकारी, सहरसा का प्रभार शीध्र ग्रहण किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए, उन्हें योगदान हेतु विरमित किये जाने तथा मधुबनी जिला में पदस्थापित वरीयतम उप समाहर्त्ता को निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

अतएव श्री दीपेश कुमार (भा.प्र.से.) निर्वाचन पदाधिकारी—सह—उप विकास आयुक्त, मधुबनी को नवपदस्थापित स्थान पर योगदान देने हेतु विरमित करते हुए उनके स्थान पर जिले में पदस्थापित अपर समाहर्त्ता स्तर के योग्य पदाधिकारी को निर्वाची पदाधिकारी के रूप में नियुक्त करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन
02/06/25
सचिव।

ज्ञापांक:— न0नि0 50—21/2025... 2402 पटना, दिनांक:—02.06.25
प्रतिलिपि:—अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

02/06/25
सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com